दैनिक भास्कर 25/07/2024

जीएमएन कॉलेज के नए सत्र के शुभारंभ पर किया हवन

अम्बाला | गांधी मैमोरियल नेशनल कॉलेज में नए शैक्षणिक सत्र पर हवन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने समारोह का उद्घाटन करते हुए विद्यार्थियों से कहा कि हवन हमारे पारंपरिक व सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है। ये न केवल हमें आध्यात्मिकता से जोड़ता है, बल्कि हमारे मन-मस्तिष्क को भी शुद्ध करता है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में स्पोर्ट्स, कल्चरल एक्टिविटी, एनएसएस, एनसीसी, रेड क्रॉस, रेड रिबन समेत विभिन्न सेल हैं जो विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास करती हैं।